दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 12-08-2026

### पीएम नर्मदा कॉलेज में तिरंगा अभियान के तहत क्विज और पत्र लेखन प्रतियोगिता हुई

# विद्यार्थियों ने पत्र लिखकर पुलिस और सशस्त्र बलों की वीरता व देशभक्ति के किस्से बताए

भास्कर संवाददाता | नर्मदापुरम

पीएम नर्मदा कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए देशभक्ति प्रश्नोत्तरी रखी गई। देश के वीर सैनिकों और पुलिस कर्मियों के सम्मान में पत्र लेखन प्रतियोगिता भी हुई। उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव मजबूत करना रहा। सशस्त्र बलों के प्रति आभार का भाव बढ़ाने पर जोर रहा। प्राचार्य आरके चौकसे ने कहा, यह समय देश के प्रति कृतज्ञता जताने और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष याद करने का है। संयोजक संतोष अहिरवार ने अभियान को राष्ट्र गौरव, स्वाभिमान, आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम बताया। कल्पना विश्वास और अंजना यादव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## क्विज में इन्होंने मारी बाजी, सैनिकों को भेजे पत्र



क्विज में आजादी, राष्ट्रीय प्रतीकों, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े सवाल पूछे गए। किशोर, शिवांश सोनी, पवित्र गौर, विनय कुमार की टीम प्रथम रही। किरण परिहार, यशिका सैनी, प्रिया पटेल की टीम दूसरे स्थान पर रही। परी पटवा, वंदिता यदुवंशी, तनीषा राजपूत, संजना विश्वास, कशिश कुशवाहा की टीम तृतीय रही।

## पत्र से सैनिकों और पुलिस कर्मियों को धन्यवाद दिया

पत्र लेखन स्पर्धा में धर्मेंद्र कटारे, द्रवित बैरागी, पायल कहार, नेहा अहिरवार, सोनम यादव, प्रियंका, मुस्कान कहार, संगीता कहार, शिवा उइके, अनिकेत पटेल, शिवम कुमरे, किशोर सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने पत्रों में सैनिकों और पुलिस कर्मियों की सेवा, सुरक्षा योगदान, सर्वोच्च बलिदान के लिए धन्यवाद दिया। आयोजन में डॉ. सुमन यादव, डॉ. संध्या गौर, डॉ. मालती पटेल, डॉ. एसके झा, चिराग जमादि, डॉ. दशरथ मीणा का सहयोग रहा।


ज्ञान प्रकोष्ठ


प्रकोष्ठ



ारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ


शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
हर घर
तिरंगा
अभियान
देश की सेवा में तैनात
जवानों और पुलिस कर्मियों को पत्र लेखन


रतीय ज्ञान प्रकोष्ठ


प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
हर घर
तिरंगा
अभियान
विषय
देश की सेवा में तैनात
जवानों और पुलिस कर्मियों को पत्र लेखन